दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 02 अंक :- 342 मुरादाबाद, 13 April 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# PM मोदी बोले- गहलोत हमारे मित्र, राजनीतिक संकट में भी वक्त निकाला, काम के लिए हम पर भरोसा जताया

पीएम नरेंद्र मोदी ने जयपुर से दिल्ली कैंट के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जयपुर स्टेशन पर हुए उद्घाटन समारोह को दिल्ली से ही वीसी से संबोधित करते हुए पीएम ने कांग्रेस पर सियासी निशाना और सीएम गहलोत पर भी तंज कसा। मोदी ने कहा- गहलोत मेरे मित्र हैं, जो इन दिनों राजनीतिक आपाधापी और अनेक संकटों से गुजर रहे हैं।पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ समारोह को लाइव संबोधित करते हुए कहा, गहलोत जी का मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूं, कि इन दिनों वो राजनीतिक आपाधापी में उनका अनेक संकटों से वो गुजर रहे हैं। उसके बावजूद भी विकास के काम के लिए समय निकालकर आए। रेलवे कार्यक्रम में आकर हिस्सा लिया। मैं उनका स्वागत भी करता हूं, अभिनंदन भी करता हूं। मैं गहलोत जी को कहना चाहता हूं, गहलोत जी आपके तो दो-दो हाथ में लड्डू हैं। रेलमंत्री भी आपके राजस्थान के हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं, तो आपके तो दो-दो हाथ में लड्डू हैं। यह कहकर मोदी ने ठहाके लगाकर हंसी छोड़ दी। मोदी ने आगे कहा, जो काम आजादी के तुरंत बाद होना चाहिए था, अब तक नहीं हो पाया। लेकिन आपका मुझ पर इतना भरोसा है, इतना भरोसा है कि वो काम भी आज आपने मेरे सामने रखे हैं। आपका ये विश्वास यही मेरी मित्रता की अच्छी ताकत है और एक मित्र के नाते आप जो भरोसा रखते हैं, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी और राजस्थान को फिर से मैं बधाई देता हूं।

## ये ट्रेन राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी बहुत मदद करेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा, राजस्थान के गवर्नर कलराज मिश्र, सीएम मेरे मित्र अशोक गहलोत, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, राजस्थान सरकार के मंत्री, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, सांसद, विधायकों, सभी महानुभवों और राजस्थान के प्यारे भाईयों और बहनों। मां भारती की वंदना करने वाली राजस्थान की इस धरती को आज पहली वंदे भारत ट्रेन मिल रही है। दिल्ली कैंट अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस से जयपुर-दिल्ली आना जाना और आसान हो जाएगा। ये ट्रेन राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी बहुत मदद करेगी। तीर्थराज पुष्कर हो या फिर अजमेर शरीफ, आस्था के ऐसे महत्व के स्थलों तक पहुंचने में भी अब श्रद्धालुओं को ज्यादा आसानी होगी।

## एक वंदे भारत की यात्रा करने पर लोगों के करीब 2500 घंटे बचते हैं

पीएम ने कहा, बीते दो महीनों में यह छठी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जिसे हरी झंडी दिखाने का मुझे सौभाग्य मिला है। मुम्बई-शोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, मुम्बई-शिरड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, रानी कमलापति हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-तिरूपति वंदे भारत एक्सप्रेस, चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस और अब जयपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस आज शुरू हो रही है। जब से ये आधुनिक ट्रेने शुरू हुई हैं। जब से करीब 60 लाख लोग इन ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस की सबसे बड़ी विशेषता है, जो लोगों का समय बचा रही है। एक स्टडी है कि एक वंदे भारत की यात्रा करने पर लोगों के करीब 2500 घंटे बचते हैं। यात्रा में बचने वाले ये 2500 घंटे लोगों को अन्य कार्यों के लिए उपलब्ध हो रहे हैं। मेन्युफेक्चरिंग कौशल से लेकर सुरक्षा गारंटी तक, तेज रफ्तार से लेकर खूबसूरत डिजाइन तक वंदे भारत तमाम खूबियों से सम्पन्न है। यही सब खूबियों को देखते हुए आज देशभर में वंदे भारत ट्रेन का गौरव गान हो रहा है। वंदे भारत ने एक तरह से कई रेल की शुरुआत की है। वंदे भारत पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन है, जो मेड इन इंडिया है। वंदे भारत पहली ऐसी ट्रेन है जो कॉम्पैक्ट और एफिशिएंट है।

## आजादी के बाद रेलवे आधुनिकीकरण पर राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा

मोदी बोले, रेलों के विकास की यह यात्रा कल हमें विकसित भारत की यात्रा की



ओर ले जाएगी। राजस्थान के लोगों को वंदे भारत ट्रेन के लिए मैं बहुत बहुत बधाई देता हूं। साथियों हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था जो सामान्य मानव के जीवन का इतना बड़ा हिस्सा है, उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया था। आजादी के बाद भी भारत को एक बड़ा रेलवे नेटवर्क मिला था। लेकिन रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। मोदी ने कहा, राजनीतिक स्वार्थ को देखकर तब ये तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा, कौन नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ ही तय करता था कि कौन सी ट्रेन किस स्टेशन पर चलेगी। राजनीतिक स्वार्थ ने ही बजट में ऐसी-ऐसी ट्रेनों की घोषणाएं करवाई, जो कभी चली ही नहीं। हालत ये थी कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था। हालत ये थी कि गरीब लोगों की जमीनें छीनकर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया। देश में मौजूद हजारों मानव रहित क्रॉसिंग को भी अपने ही हाल पर छोड़ दिया गया था। रेलवे की सुरक्षा, स्वच्छता, प्लेटफॉर्म की स्वच्छता सब कुछ नजर अंदाज कर दिया गया था।

## सारी परिस्थितियों में बदलाव 2014 के बाद से आना शुरू हुआ

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इन सारी परिस्थितियों में बदलाव 2014 के बाद से आना शुरू हुआ है। जब देश के लोगों ने स्थिर सरकार बनवाई। जब देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली बीजेपी सरकार बनवाई। जब सरकार पर राजनीतिक सौदेबाजी का दबाव हटास तो रेलवे ने भी चैन की सांस ली और नई ऊंचाई पाने के लिए दौड़ पड़ी। आज हर भारतवासी भारतीय रेल का कायाकल्प होते देखकर गर्व से भरा हुआ है। राजस्थान के लोगों ने हमेशा हम सभी को अपना भरपूर आशीर्वाद किया है। शूरवीरों की इस धरती को आज हमारी सरकार नई सम्भावनाओं और नए अवसरों की धरती भी बना रही है। राजस्थान देश के टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एक है। यह बहुत जरूरी है कि राजस्थान आने वाले सैलनियों का समय बचे, उन्हें ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले, इसमें बहुत बड़ी भूमिका कनेक्टिविटी की है। राजस्थान की कनेक्टिविटी को लेकर जो काम बीते सालों में केंद्र सरकार ने किया है, वाकई स्वीकार करना होगा वो अभूतपूर्व हुआ है।

## मुम्बई-दिल्ली एक्सप्रेसवे से राजस्थान के छह जिलों को बहुत लाभ होगा

मोदी बोले, फरवरी में ही मुझे मुम्बई-दिल्ली एक्सप्रेसवे के दिल्ली-दौसा-लालसोट हिस्से के लोकार्पण के लिए दौसा आने का मौका मिला था। इस एक्सप्रेसवे से दौसा के साथ ही अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, बूंदी और कोटा जिलों के लोगों को बहुत लाभ होगा। मोदी ने कहा, केंद्र सरकार राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी लगभग 1400 किलोमीटर सड़कों पर काम कर रही है। अभी करीब 1000 किलोमीटर सड़कें राजस्थान में और बनाने का प्रस्ताव है।

## तारंगा हिल-अम्बाजी-आबूरोड

## 100 साल से पुरानी रेललाइन की मांग पूरी...

मोदी बोले, हमारी सरकार रोड के साथ ही राजस्थान में रेल कनेक्टिविटी को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। तारंगा हिल से अम्बाजी होते हुए आबूरोड तक नई रेललाइन के निर्माण पर भी काम शुरू हो चुका है, इस रेललाइन की मांग 100 साल से भी पुरानी है, जो भाजपा सरकार ने ही पूरी की है। उदयपुर से अहमदाबाद के बीच रेल लाइन को भी ब्रॉडगेज में बदलने का काम हम पूरा कर चुके हैं। इससे मेवाड़ क्षेत्र गुजरात सहित देश के अन्य भागों से बड़ी लाइन से कनेक्ट हो गया है। बीते नौ साल में राजस्थान के करीब 75 फीसदी नेटवर्क का इलेक्ट्रिफिकेशन पूरा किया जा चुका है।

## साल 2014 में 700 करोड़, आज 9500 करोड़ राजस्थान का रेल बजट...

साल 2014 से पहले की तुलना में राजस्थान के रेल बजट में 14 गुणा से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। 2014 से पहले राजस्थान के लिए औसत रेल बजट का लगभग 700 करोड़ के आसपास था, वहीं इस साल साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक है। इस दौरान रेल लाइनों को डबल करने की स्पीड भी दोगुणे से अधिक हुई है। रेलवे में गेज परिवर्तन और दोहरीकरण के जो काम बीते वर्षों में हुए हैं। उनका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों को हुआ है। डूंगरपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, पाली और सिरोही जिलों में रेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है। रेल लाइनों के साथ-साथ राजस्थान के रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प किया जा रहा है। दर्जनों रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है।

## भारत गौरव सर्किट ट्रेन 70 से ज्यादा ट्रिप लगा चुकी

टूरिस्ट की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सरकार अलग-अलग तरह की सर्किट ट्रेनों का भी संचालन कर रही है। भारत गौरव सर्किट ट्रेन अब तक 70 से ज्यादा ट्रिप लगा चुकी है। इन ट्रेनों में 15 हजार से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। अयोध्या काशी, दक्षिण क्षेत्र, द्वारिका के दर्शन हों या सिख समाज के हमारे गुरूओं के तीर्थ स्थल हों, ऐसे अनेक स्थानों के लिए भारत गौरव सर्किट ट्रेनें आज चलाई जा रही हैं। हम अक्सर सोशल मीडिया पर देखते हैं कि यात्रियों से कितना अच्छा फीडबैक मिल रहा है और इन ट्रेनों को सराहना मिल रही है। ये ट्रेनें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी लगातार सफल कर रही हैं।

## राजस्थान में लगभग 70 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' स्टॉल्स लगाए...

पीएम ने कहा, भारतीय रेलवे ने बीते वर्षों में एक और प्रयास किया है जिसने राजस्थान के स्थानीय उत्पादों को भी देशभर में पहुंचाने में मदद की है। ये है वन स्टेशन वन प्रोडक्ट अभियान। भारतीय रेल ने राजस्थान में लगभग 70 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल्स लगाए हैं। इन स्टॉल्स में जयपुरी रजाईयां, सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट की चादरें, गुलाब के बने उत्पाद और दूसरे हस्तशिप की जमकर बिक्री हो रही है। यानी राजस्थान के छोटे, किसान, कारीगर और हस्तशिल्पियों को बाजार तक पहुंचने का यह नया माध्यम मिल रहा है। यह ये विकास में सबकी भागीदारी यानी सबका विकास का प्रयास है।

जब रेल जैसे कनेक्टिविटी का इंफ्रास्ट्रक्चर सशक्त होता है तो देश सशक्त होता है। इससे देश के सामान्य नागरिक, गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ होता है। मुझे विश्वास है कि आधुनिक वंदे भारत ट्रेन राजस्थान के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी।

## क्या बोले अशोक गहलोत?

गहलोत ने कहा, पीएम मोदी जी, मुझे दुख है कि आज आपने मेरी मौजूदगी में 2014 से पूर्व के रेलमंत्रियों जैसे- लाल बहादुर शास्त्री, जगजीवनराम, गुलजारी लाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, माधवराव सिंधिया, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और मल्लिकार्जुन खरगे समेत सभी के कार्यकाल को भ्रष्टाचार और राजनीति स्वार्थ से प्रेरित बताया... ये दुर्भाग्यपूर्ण है।

# अखिलेश यादव ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल, पूछा - माफियाओं की सूची क्यों जारी नहीं कर रही योगी सरकार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और पूछा कि सरकार टॉप टेन अपराधियों की सूची क्यों जारी नहीं कर रही है।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों, पिछड़ों और गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। हर तरफ अराजकता है। हत्या, लूट, चोरी और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। बच्चियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी को भी न्याय नही मिल रहा है। कहीं दबंग और अपराधी हत्याएं कर रहे हैं तो कहीं पुलिस निर्दोषों की पीटकर मार रही है। मानवाधिकार आयोग ने



इसको लेकर सबसे ज्यादा नोटिस प्रदेश सरकार को भेजे हैं। भाजपा सरकार को कानून और संविधान की कोई परवाह नहीं है। सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष लोगों को झूठे मामलों में फंसाती है। भाजपा सरकार अपराध नियंत्रण में पूरी तरह से नाकाम है। समाजवादी पार्टी लगातार मांग कर रही है कि सरकार प्रदेश के टॉप टेन माफियाओं की सूची जारी करे, लेकिन सरकार सूची क्यों नहीं जारी कर रही है?सपा ने मनाई ज्योतिबा फुले जयंती- समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को समाज सुधारक एवं विचारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई। पार्टी प्रदेश मुख्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि फुले सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने गरीबों, पिछड़े, दलितों और महिलाओं में जागरूकता लाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका पूरा जीवन कार्य और उनके विचार आज लोगों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने स्त्रियों को शिक्षित करने के लिए विशेष कार्य किया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अवधेश प्रसाद, जयशंकर पाण्डेय, पवन पाण्डेय, केके श्रीवास्तव, डा हरिश्चन्द्र आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय Editorial

### Course without borders

The face and method of schooling can change. Now, recommendations have been made by an expert committee to end the boundaries between arts, humanities, science, commerce and economics. This committee has been formed by the Government of India. If a student of 10th and 12th has abilities and multiple visions, he/she will not be confined to Arts, Humanities or Science or Commerce only, but will be able to study all together. This study will continue for four years, up to the graduation level. The student will not have to prepare for the annual board exams. He will be able to complete his studies in a span of four years and will be able to take the examination accordingly. This thinking and vision is also enshrined in the new National Education Policy. The expert committee has advised to make such a curriculum, so that studies can prove to be multidimensional and multidisciplinary. Earlier the education system was divided and tied in different boundaries. If the student wanted to study in arts-humanities subjects till the graduation level, it was limited to a few subjects. This is the condition of science. Medical science students used to move towards medicine. The second direction of science was Mathematics, Physics, Chemistry etc. Bachelor of Commerce has been different from all these. Over the decades, it has been felt that the traditional education or the boundaries of Arts, Science, Commerce could not provide the student with the basic knowledge which is essential in view of the serious challenges of the times. Today, even the average teenage student faces serious challenges of climate change and other environmental threats. A young student is not able to learn through his traditional studies that how to fight with the contemporary challenges? And how to preserve human existence for a long time? Today's student needs to study politics, economics, sociology as well as the study of natural calamities and changes. Now the disciplines and types of education should be multifarious. Human understanding has an important role to play if the layman is to shape the economic model today.

The meaning of commerce is no longer just business, books and accounts. They have expanded. The importance of humanities in industrial revolutions has been underlined and analyzed in many research papers. If multidimensional changes are to be made in education from the school level itself, then it is necessary to think and implement new curriculum framework. It is not yet certain when this course will be ready. Now the recommendations have come to the fore. Opinion polling of opposition and education experts is also expected on these. What will happen to traditional education? The student has been learning language, writing, math etc. during primary education, so what will happen to that system? What will happen to the students who have a certain fear, a fixed belief about maths? Will games, activities, discovery and debate-based primary learning, etc., be implemented in place of mathematics and the traditional method? In the coming time, the expert committee will hold several meetings regarding the 'pre-draft', discussions will take place. The most important thing is to ensure that whatever reforms and suggestions are implemented, they will be temporary and injustice will not be done at any level. According to the data of the Ministry of Education, there are more than one lakh government schools in the country, in which only one teacher is working on an average. There are many other responsibilities as well. How can that single teacher make education a 'creative activity'. implement blended learning? There are many other concerns regarding the education policy. The ideal of empowering the teacher has been said. There must be improvement.

# Currency: The declining global dominance of the dollar and the rising status of the rupee

According to a recent report by the IMF, the share of the US dollar in global currency accumulation has decreased as compared to earlier. In the economic world these days, there is a lot of discussion going on that the global influence of the US currency dollar will decrease in the coming times. In this round of discussions, the currencies of many other countries are being named as global currency. In this, the name of China's currency Yuan is coming prominently. On the other hand, there is also a thought that in the meeting of BRICS countries in the coming August, definitely a new currency will emerge against the dollar. This discussion started when it was observed that the accumulation of US currency dollars has been decreasing very fast for the last few years. In this context, according to a recent IMF report, till the year 1999, where the US dollar's share in global currency accumulation was more than 70 percent, it has come down to 59 percent in the year 2022. Euro has the second highest collection after dollar. If the global dominance of the dollar is reduced or any other currency is recognized globally as its substitute, it will surely be the biggest decline in the global credibility of America in the last century. America's economic policies are clearly to blame for this. All the countries are always troubled by the aggression of the US dollar. For example, these days, due to the increase in interest rates by the US central bank, the dollar became very strong globally, due to which the currencies of all the countries became very weak. This made imports costlier for all countries, which ultimately led to rapid inflation in the domestic markets. Therefore, instead of America, many countries are now strengthening their relations with other developed countries and giving priority to the collection of foreign currencies of those countries. In fact, this discussion is a part of international diplomacy. Both Russia and China together want to respond strongly to the US stand on the global stage in the Russia-Ukraine war. Therefore, first of all, China converted its huge accumulation of US dollars into its own currency, Yuan. Then it was raised prominently by Russia at the global level that in the coming times, China's currency Yuan should replace the dollar. However, the share of China's currency in the total foreign exchange reserves at the global level is only around five percent. In the meeting of BRICS countries to be held in the coming August, the option of other currency against the dollar will definitely be discussed. But India will never accept Yuan as an alternative to Dollar in BRICS meeting, because of various economic and political reasons behind it. The main target behind the strong friendship between China and Russia is India. Therefore, the Chinese currency can hardly be seen as a substitute for the dollar within BRICS. Now if we talk about India's foreign exchange collection, which is around $ 530 billion these days, then the largest part of it is in the US dollar. India's economic policies lean more towards America. However, due to the aggressiveness of the US dollar, many times the Indian stock market suddenly falls and inflation increases in the domestic market. As for the Indian rupee becoming an alternative to the dollar, it is not easy right now. It is worth noting that in order to recognize the currency of any country as a global currency, it is necessary to have a democratic system in that country and progressiveness in economic policies. India has both these things and India is also the fifth largest economy in the world, but it still has a long way to go because India's exports are very less. So it is unlikely that India will support any other currency as an alternative to the dollar.

# Discussion: What should we teach in school and what should we save our textbooks from?

We have to save the future generation from conflicts, tensions, violence points. It would be better if we could save our text books from those references in the narrative which give rise to various types of mobilization in the society. In many countries of the world, amendments and changes take place from time to time in the school curriculum. Sometimes there are disputes on these amendments and changes. In the past there has been a long debate in Hungary over the curricular representation of migrant groups in school curricula. There has been an ideological and deliberative tension over how to integrate the history of the UK nation and the European Union, particularly into UK school curricula, and how to present the history of the European Union in UK school curriculums. . On the other hand, in Germany, in the school curriculum, its national history was presented by including it in the history of the European Union, but disagreement was seen in a part of the society. It is meant to say that every nation keeps giving shape and shape to its school curriculum considering what to add, what to reduce, keeping in mind its social challenges and new future. Education helps in making us better human beings and conscious citizens. At the same time, many democratic countries of Europe have been inventing education as a medium of socialization to create a peaceful, harmonious and nationally conscious society. In this sense, education is not only the mirror of the society, but it is also the cognitive framework of the new social formation. In India, NCERT (National Council of Educational Research and Training) and the syllabus prepared by it keep coming in controversy. Due to the corona crisis in India, due to the loss of time of students, due to its limitations of online education, there was a need to reduce the school curriculum, so that the burden of the course on the students can be reduced. For this, NCERT has decided to reduce the syllabus by 30-40 percent for the students of classes V to XII and 10-15 percent for the primary classes, after going through several administrative and policy procedures. In this, in the light of the suggestions of the Standing Committee of the 331st Parliament on Education and the guidelines of the National Education Policy-2020, some lessons and narratives were removed from the syllabus. In this context, NCERT believes that this is a normal process. And these decisions have been taken according to the circumstances. There is no such big design behind it, which is being feared. But disputes have to go on, so they are going on. Interestingly, this controversy is going on in political circles more than those related to school education. Politicians and some activists are giving momentum to this debate. A question is also arising in these debates that the caste name of Nathuram Godse, who had killed Mahatma Gandhi, has been removed from the story. The question arises that in a constitution influenced education system, should caste be mentioned in the stories of school lessons? Whether caste is of the hero or the villain, should it be allowed to enter the minds of our children through text books. Wouldn't the reflection of the heinous act done by one person fall on the entire caste group? In the 331st Parliamentary Committee constituted for the Education Department, many charitable organizations working in the field of education had also submitted a complaint about caste descriptions in the narratives and educational examples mentioned in the NCERT text books. If somewhere there is a description of a sage, then his caste is also coming, somewhere there is a common character, caste there too, will this trend help us to create a harmonious society? It is true that in the lost stories of the villages, the coming and going of the 'caste' of the characters is a normal thing. But in the curriculum of school education, which is made in a consistent and deliberate manner with the aim of creating a better society, we have to consider how appropriate it is to introduce the concept of 'caste' with similar stories and characters. If someone says that 'caste' is the reality of our society, if that reality comes in the same form in our text books, then what is wrong with it? As we know that education does not only show what is there, it also becomes the medium of what we have to achieve. It becomes a means of achieving 'what is ideal' more than 'what is real'. Education is actually a medium and system for creating more future than present. And if we want to create a caste-free democratic society, then we will have to save our future generations from conflicts, tensions and violent points. It would be better if we could save our text books from those references in the narrative which give rise to various mobilisations in the society. The National Education Policy-2020 in its detailed report also emphasizes on making the school education courses short, creative and flexible in India. She suggests us to create such a world of education, in which the tender and tender mind of our children can be creative and develop. It is necessary that we avoid handing over caste, religion and various categories of conflicts and the tensions arising out of them, violent mobilizations to our future generations through education. This is how we can save the threads and fibers of our society from breaking, and new India can also be built.If somewhere there is a description of a sage, then his caste is also coming, somewhere there is a common character, caste there too, will this trend help us to create a harmonious society? It is true that in the lost stories of the villages, the coming and going of the 'caste' of the characters is a normal thing. But in the curriculum of school education, which is made in a consistent and deliberate manner with the aim of creating a better society, we have to consider how appropriate it is to introduce the concept of 'caste' with similar stories and characters. If someone says that 'caste' is the reality of our society, if that reality comes in the same form in our text books, then what is wrong with it? As we know that education does not only show what is there, it also becomes the medium of what we have to achieve. It becomes a means of achieving 'what is ideal' more than 'what is real'. Education is actually a medium and system for creating more future than present. And if we want to create a caste-free democratic society, then we will have to save our future generations from conflicts, tensions and violent points. It would be better if we could save our text books from those references in the narrative which give rise to various mobilisations in the society. The National Education Policy-2020 in its detailed report also emphasizes on making the school education courses short, creative and flexible in India. She suggests us to create such a world of education, in which the tender and tender mind of our children can be creative and develop. It is necessary that we avoid handing over caste, religion and various categories of conflicts and the tensions arising out of them, violent mobilizations to our future generations through education. This is how we can save the threads and fibers of our society from breaking, and new India can also be built.The National Education Policy-2020 in its detailed report also emphasizes on making the school education courses short, creative and flexible in India. She suggests us to create such a world of education, in which the tender and tender mind of our children can be creative and develop. It is necessary that we avoid handing over caste, religion and various categories of conflicts and the tensions arising out of them, violent mobilizations to our future generations through education. This is how we can save the threads and fibers of our society from breaking

# राजनैतिक पार्टियां आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में सहयोग प्रदान करें-डीएम



क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर नगरीय निकायों का निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में जनपद मुरादाबाद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक पार्टियां आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के बैनर, होर्डिंग न लगवायें जाये। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल रैली, जुलूस एवं सभा का आयोजन जिला प्रशासन से अनुमति लेकर करेंगे और जुलूस या रैली इस प्रकार से आयोजित करेंगे कि यातायात में बाधा उत्पन्न न हों। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दल/उम्मीदवार निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नही करेंगे और ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नही करेंगे जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनैतिक दल/उम्मीदवार/राजनैतिक कार्यकर्ताओं की भावना आहत हो या उससे विभिन्न वर्गो/दलों/व्यक्तियों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हों।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार के पूजा स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर व गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन में प्रचार हेतु तथा निर्वाचन संबंधी अन्य कार्य हेतु नही किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कुंदरकी की छेडछाड पीड़िता के परिवार को आर्थिक मदद दिलाए जाने के लिये कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात की



मौ.युसूफ

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कुंदरकी की छेडछाड पीड़िता के परिवार को आर्थिक मदद दिलाए जाने के लिये कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात कीमुरादाबाद-कुंदरकी की छेडछाड पीड़िता के परिवार को आर्थिक मदद दिलाए जाने के लिये कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी योजनाओं से बंचित इस पीड़ित के परिवार को सभी लाभ मुहैय्या कराने के निर्देश अधिनस्तो को दिये। जिला कांग्रेस कमेटी के गुरहट्टी कार्यालय पर कांग्रेसी इकट्ठा हुए। यहाँ बैठक कर सभी ने कुंदरकी की मृतक छेड़छाड़ पीड़िता के परिवार की दयनीय हालात पर रोष जताया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने प्रशासन पर इस मामले में पक्षपात किये जाने का आरोप लगाया। जहां से जिलाध्यक्ष के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी के समक्ष पीड़िता के परिवार को पेश किया। साथ ही इनको सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की भी शिकायत की। जिलाधिकारी ने अधिनस्तो को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश तत्काल दिये। इस दौरान अनूप दुबे, सुधीर पाठक,अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, गय्यूर अंसारी, फईम राजा,असलम मलिक, जावेद खा, सुरेश चंद्र समेत कई नेता मौजूद रहे

# रमजान का तीसरा अशरा दिलाता है जहन्नुम से निजात : मौलाना अनबर रज़ा कादरी



नाजिम हुसैन

क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- डिलारी -जनपद मुरादाबाद के विकासखंड डिलारी के गांव पीलकपुर श्योराम की जामा मस्जिद के पैश इमाम मौलाना अनवर रजा कादरी ने बताया कि मुकद्दस रमजान का महीना बेशुमार बरकतों वाला है। इस महीने में रोजेदारों पर अल्लाह तआला की बेशुमार रहमतें बरसती हैं। सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। इस महीने के तीसरे अशरे में अल्लाह तआला की इबादत करने से जहनुम्म से आजादी मिलती है। तीसरा अशरा 20वें रोजे के मगरिब से शुरू होता है जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है। मुकद्दस माह रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। दूसरा अशरा भी मुकम्मल हो गया है। और तीसरा अशरा शुरू हो गया है। इसी के साथ मस्जिदों में एतकाफ का सिलसिला शुरू हो हो गया। रमजान में 20वें रोजे के मगरिब से शुरू होकर चांद रात तक मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत करने को एतकाफ कहा जाता है। तीसरे अशरे की पाक रातों में शब-ए-कद्र भी आएगी। 21 से 30 रोजे तक तीसरा अशरा मनाया जाएगा। इसकी भी कुछ खास बातें हैं, जो रोजेदारों के लिए बेहद खास हैं। अल्लाह तआला फरमाता हैं कि एतकाफ में बैठने वाले मोमिन बंदे के तमाम गुनाह बख्श दिए जाएंगे। हदीस शरीफ में है कि जिस बस्ती की मस्जिद में कोई शख्स एतकाफ में बैठकर अल्लाह तआला की इबादत करे तो उस बस्ती के लोगों के गुनाहों को भी माफ कर दिया जाता है। पूरी बस्ती में अल्लाह तआला की रहमत बरसती है।

# स्वार उपचुनाव के लिए तैयारियां मुकम्मल, आज से नामांकन

मुरादाबाद-रामपुर- 34-स्वार के उपचुनाव के लिए नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पर गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू होकर अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। स्वार में हो रहे उपचुनाव के लिए 20 अप्रैल तक नामांकन कराया जा सकता है। कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया कराए जाने के लिए बेरिकेडिंग करा दी गई है। 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को मतगणना कराई जाएगी। प्रशासन ने नामांकन कराए जाने के लिए तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। चुनाव प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई और अभी किसी भी दल ने प्रत्याशियों के नामों के पत्ते नहीं खोले हैं। । वर्ष 2022 के चुनाव की बात करें तो सीधा मुकाबला अपना दल एस के नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां और सपा प्रत्याशी अब्दुल्ला आजम के बीच हुआ था। लेकिन, उपचुनाव में सपा का प्रत्याशी कौन होगा कितने दमखम वाला होगा इस पर भी चुनाव बहुत कुछ निर्भर करेगा। अपना दल एस के पदाधिकारी क्षेत्रीय व्यक्ति को उपचुनाव में पार्टी का टिकट देने की मांग कर रहे हैं। जबकि भाजपा के रणनीतिकार स्वार-टांडा सीट सहयोगी दल अपना दल एस को नहीं देकर अपने पाले में रखने की वकालत कर रहे हैं। जबकि, कांग्रेस और सपा के रणनीतिकार पूरे सीन पर नजर रखे हुए हैं। छजलैट प्रकरण में मुरादाबाद की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को दो वर्ष और तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके अलावा उनके छह साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगी हुई है। जिसके कारण स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र की सीट रिक्त हो गई है। इसी सीट पर चुनाव लड़ने के लिए भाजपा की ओर से कई बड़े नेता टिकट लेने की दौड़ में शामिल हैं। बसपा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सागर बताते हैं कि हाईकमान जैसा दिशा निर्देश देगा उसी के अनुरूप आगे कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता भी पार्टी हाईकमान के इशारे के इंतजार कर रहे हैं। सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल बताते हैं कि फैसला पूर्व मंत्री आजम खां को करना है। 34-स्वार उपचुनाव के लिए यह है कार्यक्रम - निर्वाचन की अधिसूचना- 13 अप्रैल नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि- 20 अप्रैल नामांकन पत्रों की जांच- 21 अप्रैल नाम वापसी- 24 अप्रैल मतदान- 10 मई मतगणना- 13 मई 34-स्वार उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 13 अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए प्रशासन ने तमाम तैयारियां कर ली गई हैं। नामांकन प्रक्रिया कलेक्ट्रेट स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी।- हेम सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# पांच घंटे तक रिमांड पर रहे ललित कौशिक से 32 बोरा तमंचा बरामद, भेजा जेल



मुरादाबाद-मूंढापांडे के पूर्व ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता ललित कौशिक की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को ललित कौशिक पांच घंटे तक पुलिस कस्टडी में रहा। इस दौरान पुलिस ने उसकी निशानदेही पर न सिर्फ 32 बोर का एक तमंचा बरामद किया, बल्कि पूर्व प्रमुख के सीने में दफन कई राज भी उगलवाए। देर रात मेडिकल के बाद भाजपा नेता को पुलिस ने जेल में दाखिल करा दिया। महानगर में रामगंगा विहार निवासी व स्पोर्ट्स सामानों के कारोबारी कुशांक गुप्ता को 12 जनवरी 2022 की रात करीब नौ बजे सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया। 27 मार्च 2023 को हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने बताया कि कुशांक की हत्या की साजिश मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक ने रची थी। प्रतिशोध की आग में जल रहे ललित कौशिक के इशारे पर उसके साले के भांजे केशव सरन शर्मा ने कुशांक के सिर में गोली मारी।हालांकि हत्याकांड का पर्दाफाश करने से दो दिन पहले ही ललित कौशिक अपहण व हत्या के प्रयास के आरोप में मूंढापांडे पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी। 25 मार्च से ही ललित कौशिक जेल में बंद था। इस बीच वारदात की तह तक जाने की कोशिश में सिविल लाइंस पुलिस ने ललित कौशिक से पूछताछ करने की योजना बनाई। सोमवार को सीजेएम कोर्ट से पांच दिन के लिए ललित कोशिक को पुलिस अभिरक्षा में सौंपने का आग्रह किया। मंगलवार को पुलिस की याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पांच घंटे के लिए ललित कौशिक का पुलिस रिमांड स्वीकृत किया। हत्या, हत्या के प्रयास व अपहरण सरीखे आरोपों से घिरे मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक की हिस्ट्रीशीट पुलिस ने खोल दी है। हिस्ट्रीशीट खोजे जाने के बाद कानूनी दृष्टि से ललित कौशिक की मुश्किलें और बढ़नी तय हैं। मूंढापांडे पुलिस ने एक ईंट भट्ठा मजदूर का अपहरण व उसकी हत्या करने की कोशिश के आरोप में 25 मार्च को मूंढापांडे ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। 27 मार्च को एसएसपी ने स्पोर्ट्स व्यापारी कुशांक गुप्ता की हत्या की साजिश रचने का आरोप भी ललित कौशिक के सिर मढ़ा। ललित कौशिक के अपराध का कारवां यहीं नहीं थमा। 31 मार्च को एसएसपी ने बहुचर्चित सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड को अंजाम देने का ठीकरा भी ललित कौशिक के सिर फोड़ा। एसएसपी ने बताया कि श्वेताभ की संपत्ति पर गिद्ध नजर रखने वाले ललित कौशिक ने अपने साथियों की मदद से सीए को मौत के घाट उतारा। ललित कौशिक को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। ललित कौशिक तीन अन्य साथियों के साथ फिलहाल जेल में बंद हैं। डीआईजी शलभ माथुर ने ललित कौशिक की हिस्ट्रीशीट खोलने और उसे गैंगस्टर के तहत पाबंद करने का आदेश दिया था। इसके तहत सिविल लाइंस पुलिस ने मंगलवार को ललित कौशिक की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए पत्रावली एसएसपी को भेजी। देर शाम एसएसपी हेमराज मीना ने पत्रावली पर हस्ताक्षर कर ललित कौशिक की हिस्ट्रीशीट खोल दी। ललित कौशिक पर कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं। इसमें सिविल लाइंस थाने के तीन, मूंढापांडे के चार और मझोला थाने के दो मुकदमें शामिल हैं।

## थाने में लगानी पड़ती है हाजिरी

हिस्ट्रीशीटर की दो कैटेगरी होती है। कैटेगरी ए में चोरी, लूट, डकैती से संबंधित क्राइम से जुड़े अपराधी होते हैं। वहीं, कैटेगरी बी में पेशेवर अपराधियों को रखा जाता है। पुलिस की निरंतर निगरानी में रहेंगे। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद, अपराधी को रेगुलर तौर पर पुलिस स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर पुलिस उसकी उपस्थिति की जांच करने के लिए उसके घर जाएगी।

## इनकम का पता लगाने में मदद

हिस्ट्री शीट अपराधियों की आय के स्त्रोत को ट्रैक करने में मदद मिलती है। अपराधी ने अपराध करना बंद कर दिया है और वैध तरीकों से पैसा कमा रहा है, इसकी जांच की जा सकती है। ऐसी संभावना होती है कि कानून तोड़ने वाला बेरोजगार है फिर भी शानदार जीवन शैली जी रहा है। ऐसे में अवैध तरीकों से कमाई का संदेह होता है।

स्थानीय पुलिस भी रखती है नजर

एक बार पकड़े जाने के बाद पुलिस को चकमा देने के लिए, शातिर अपना पता बदलते रहते हैं। दूसरे जिलों में रहने के साथ ही वे फिर से अपनी आपराधिक गतिविधियों को शुरू कर देते हैं। ऐसे में राज्य विशेष की पुलिस दूसरे राज्यों या जिले की स्थानीय पुलिस को उन इलाकों की सूचना देते हैं जहां ये लोग हो सकते हैं। साथ ही स्थानीय पुलिस से उन पर कड़ी नजर रखने के लिए कहते हैं। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस अक्सर शहर में क्राइम मैपिंग, हॉट स्पॉट की पहचान और एक्टिव क्राइम रोकने के लिए कई तरह की रणनीतियों का सहारा लेती है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनिंदर सिंह के आदेश पर मंगलवार शाम छह बजे से रात 11 बजे तक ललित कौशिक पुलिस कस्टडी में रहा। इस दौरान सिविल लाइंस पुलिस ने ललित कौशिक से पूछताछ की। पूछताछ में ललित कौशिक ने माना कि जो आठ लाख रुपये पुलिस ने उसके घर से बरामद किया था, वह अपने शूटर साथियों के बीच बांटने के लिए रखा था। इसके बाद भाजपा नेता को साथ लेकर पुलिस रामगंगा स्थित चट्टा पुल के समीप पहुंची। वहां पुलिस घंटों असलहे की तलाश की। अंतत नदी किनारे छिपा कर रखा गया असलहा पुलिस के हाथ लग गया।

## वृद्ध की हत्या में दंपति को आजीवन कारावास, दोनों पर लगा साढ़े चौबीस हजार का जुर्माना

मुरादाबाद-रामपुर- वृद्ध की हत्या करने के मामले में एडीजे प्रथम की कोर्ट ने आरोपी दंपति को आजीवन कारावास और साढ़े चौबीस हजार का जुर्माना लगाया है। कई सालों से इस मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। शहजादनगर थाना क्षेत्र निवासी मसरुर अहमद का कहना है कि उसके भाई खुशनूद के साढू आरिफ उसके ही गांव का रहने वाला है। जिसका चाल चलन ठीक नहीं होने के कारण उसके पिता आरिफ से रंजिश मनाते हैं। जिसके चलते 11 अप्रैल 2017 को आरिफ अपनी पत्नी रुबीना के साथ उसके पिता के घर पर पहुंच गया। जहां दोनों के बीच गाली गलौच शुरु हो गई थी। इस बीच रुबीना के कहने पर आरिफ ने पीड़ित के पिता पर मकसूद अहमद पर चाकू से हमलाकर करके घायल कर दिया था।आस पास के लोगों के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इस बीच मकसूद अहमद की मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद गांव के लोग मौके पर आ गए थे। उसके बाद जानकारी मिलने पर पुलिस आ गई थी। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# छात्र नेता की हत्या से बलिया में उबाल, टीडी कॉलेज चौराहा और जिला अस्पताल परिसर पुलिस छावनी में तब्दील



बलिया शहर के एससी कालेज के सामने मंगलवार सुबह परीक्षा देकर निकले छात्रनेता हेमंत यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। दिनदहाड़े घटी घटना से हेमंत के समर्थकों समेत जिले भर के छात्र संगठनों में आक्रोश है।यूपी के बलिया में छात्रनेता हेमंत यादव हत्या के बाद से पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार को टीडी कॉलेज चौराहा और जिला अस्पताल बुधवार को पुलिस छावनी में तब्दील रहा। किसी भी हंगामे की आशंका में पीएसी, कई थानों की फोर्स और दमकल की गाड़ी तैनात रही। आला अधिकारी भी पूरे दिन चक्रमण करते रहे। दोपहर बाद धीरे-धीरे जिले के कोने-कोने से छात्रनेता व सपा नेताओं की भीड़ जिला अस्पताल में जुट गई। हेमंत यादव के फौजी पिता के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपते हुए उनके देवकली आवास तक पुलिस ने पहुंचाया। परिजनों का रोते रोते बुरा हाल रहा।

## मंगलवार को दिनदहाड़े हुई थी हत्या।

बलिया के एससी कॉलेज के बाहर मंगलवार को परीक्षा देकर निकले टीडी कॉलेज के छात्रनेता हेमंत यादव पर चुनावी रंजिश में लाठी-डंडे से लैस हमलावरों ने हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए साथी आलोक यादव की भी पिटाई कर दी। दोनों को अधमरा छोड़कर भाग निकले।पुलिस चौकी से महज 500 मीटर पर हुई इस घटना से खलबली मच गई। मऊ में इलाज के दौरान छात्रनेता हेमंत यादव ( 22 ) निवासी धड़सरा पूर की मौत हो गई। वहीं, साथी आलोक यादव ( 22 ) निवासी जीराबस्ती की हालत गंभीर बनी हुई है।

## अब तक सात आरोपी गिरफ्तार

परिजनों की तहरीर पर नौ लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में तीन टीमें टीमों ने रात भर दबीश देकर पांच नामजद सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## चुनावी रंजिश में हुई हत्या

पकड़ी थाना के पूर ग्रामसभा के धरसड़ा निवासी हेमंत यादव परिवार के साथ देवकली में परिवार के साथ रहते थे। हेमंत टीडी कझलेज में बीए तृतीय वर्ष के छात्र थे। कुछ वर्षों से छात्रसंघ अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी कर रहे थे। कुशल व्यवहार के कारण कुछ दिनों में कझलेज में छात्रों के बीच अच्छी पैठ बनाने के कारण विपक्षियों के आंख में किरकिरी बने थे। एसपी राजकरन नय्यर ने कहा कि चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट हुई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। दूसरे का उपचार चल रहा है। फरार चल रहे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुरखों की तलाश में अमेरिका से आजमगढ़ पहुंचे डेविड और लीना, परिजनों के छलके आंसू



अमेरिका में रहने वाले डेविड केनन और उनकी पत्नी लीना बुधवार को आजमगढ़ के कर्मनाथ पट्टी गांव पहुंचे। डेविड मूल रूप से इसी गांव के निवासी हैं। अपने पुरखों को देख वे भावुक हो गए।अगर इंसान चाह ले तो वह क्या नहीं कर सकता है। कोशिशें कामयाबी की ओर ले ही जाती हैं। ऐसी ही कहानी है अमेरिका में रहने वाले डेविड केनन और उनकी पत्नी लीना की। डेविड बीते कई वर्षों से अपने पूर्वजों से मिलने के लिए तपस्या कर रहे थे। आखिरकार उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और पुरखों की धरती को तलाश करते हुए उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के सगड़ी तहसील क्षेत्र स्थित कर्मनाथ पट्टी गांव पहुंचे। डेविड अपने परिवार के लोगों से मिलकर भावुक हो गए। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे लिए हमारे पूर्वजों की धरती किसी तीर्थ से कम नहीं है। परिवार के लोगों ने डेविड और लीना का फूल-मालाओं से स्वागत किया। दोनों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। हिंदी नहीं बोल पाने वाले डेविड ने सभी का अभिवादन किया।सगड़ी तहसील क्षेत्र स्थित रौनापार थाना क्षेत्र के मारा कर्मनाथ पट्टी गांव में अपने पूर्वजों के घर जाने के लिए बुधवार सुबह करीब 10 बजे डेविड केनन, लीना अपने सहयोगी आयुष जयपुर और संजय सिंह हीरापट्टी के साथ रौनापार थाना पहुंचे। वहां से उपनिरीक्षक मधुसूदन चौरसिया पुलिस के साथ लेकर उन्हें गांव पहुंचे। डेविड पुत्र डेविड रोस्टेड सुपरसेंट और उनके पिता रामप्रसाद और रामप्रसाद के पिता रामखेलावन को बताया जा रहा है। 1907 में रामखेलावन मौर्य पुत्र टहल निवासी ग्राम मारा कर्मनाथ पट्टी थाना रौनापार तहसील सगड़ी गिरगिटिया मजदूर के रूप में विदेश गए। वह कोलकाता से त्रिनिदाद और टोबैगो में रहे फिर अमेरिका गए। उनकी चौथी पीढ़ी के डेविड अपनी पत्नी लीना के साथ बुधवार को गांव आए।

## ऐसे पहुंचे परिजनों तक

ग्राम प्रधान रामबचन यादव सहित ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को बड़ी खुशी हुई है। ग्राम प्रधान ने बताया कि जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका गए थे तो वहीं डेविड की माता से मुलाकात एनआरआई के रूप में हुई थी। लेखपाल त्रिभुवन यादव ने बताया कि दो दिन से राम खेलावन मौर्य के जमीन और निवास की तलाश की जा रही थी। 1901 के दस्तावेज से इनका नाम मिला और अगल-बगल के नामों से मिलान किया गया तो सही पाया गया। जयपुर से आए डेविड के दोस्त आयुष ने बताया कि 1907 में इनके पूर्वज रामखेलावन गए। कोलकाता प्रवास पत्र बनाया गया था। वह प्रवास पत्र खोजा गया और भारतीय दूतावास के पास यहां के सबूत पेश किए गए और भारतीय दूतावास द्वारा यहां लाया गया। संजय सिंह हीरापट्टी ने बताया कि भाई विनोद सिंह अमेरिका में रहते हैं। विनोद सिंह की मुलाकात डेविड की माता मार्लिन से हुई। बातचीत के दौरान पता चला कि यह भारत के उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ सगड़ी के मूल निवासी हैं।

# स्वस्थ एवं निरोग रहने हेतु जुम्वा एवं एरोबिक क्लास का आयोजन किया गया



क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-केसीएमटी में जुम्वा एरोबिक् क्लास का आयोजन आज खंडेलवाल कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा स्वस्थ एवं निरोग रहने हेतु जुम्वा एवं एरोबिक क्लास का आयोजन किया गया किया गया जिसमें प्रशिक्षण गुरु प्रभात द्वारा छात्राओं को नृत्य के माध्यम से शरीर को स्वस्थ और निरोग बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स का प्रशिक्षण प्रदान किया इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा ऋतंभरा ने बताया कि इस वर्कशॉप से गृह विज्ञान छात्राओं को स्वस्थ परिवार में स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखना सिखलाया गया है यह उनके लिए बहुत लाभकारी है इस अवसर पर महानिदेशक डॉ अमरेश कुमार प्राचार्य डॉ आर के सिंह सहित प्रवक्ता शुभ्रा त्रिवेदी उपस्थित रहे

# डी.फार्मा. के छात्र-छात्राओं ने किया राजश्री फाइन केमिकल्स इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण



क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिठौरा।राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बरेली के डी.फार्मा के छात्र-छात्राओं ने राजश्री फाइन केमिकल्स इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण किया।

इंडस्ट्री के निदेशक ऋषभ बंसल के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा एफ्लूयंट ट्रीटमेंट प्लांट की बारीकियों से अवगत करवाया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि राजश्री ग्रुप में संचालित विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं के पुस्तकीय व प्रायोगिक ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक व व्यावसायिक उपयोग के लिए ऐसे भ्रमण उनके कैरियर निर्माण में बेहद लाभकारी हैं। इंडस्ट्री के प्लांट हेड ओमप्रकाश ने रियूजेबिल वाटर के पुनर्चक्रीकरण में प्रयुक्त चरणों की कार्यप्रणाली और उनमें आने वाली कठिनाईयों को विस्तार से समझाया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन में प्रधानाचार्या डा. सुचेता सिंह, संतोष खरे, संजू शर्मा, अक्षित जौहरी, शिवांकुर कुमार एवं रजिस्ट्रार दुष्यंत महेश्वरी का विशेष योगदान रहा।

# अनूठे अंदाज में कार्रवाई: कार चालक को माला पहना कर थमाया 2500 रुपये का चालान, भीड़ ने बजाई ताली



वाराणसी के कचहरी चौराहे के समीप बीच सड़क पर कार खड़ा करने वाले चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अनूठे अंदाज में कार्रवाई की। मौजूद लोगों के समक्ष कार चालक का माल्यार्पण कर सभी से ताली बजवाई। फिर 2500 रुपये का चलान थमाया। वाराणसी के कचहरी चौराहे के समीप बीच सड़क पर कार खड़ा करने वाले चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार की शाम अनूठे अंदाज में कार्रवाई की। दरअसल, बीच सड़क कार के खड़े होने की वजह से भीषण जाम लग गया था। सूचना पाकर पहुंचे ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनुराग त्यागी ने कार को किनारे करा कर जाम खुलवाया।

इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों के समक्ष कार चालक का माल्यार्पण कर सभी से ताली बजवाई। फिर, कार का 2500 रुपये का चालान कर चालक से कहा कि पूरी उम्मीद है कि यह कार्रवाई आगे भी याद रहेगी और ऐसी गलती नहीं होगी। लोग पुलिस के चालान के इस अनोखे तरीके की काफी तारीफ कर रहे हैं।

# पूर्व विधायक विजय मिश्र के करीबी का आलीशान मकान कुर्क, दो करोड़ 20 लाख है कीमत



हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म सहित 83 से अधिक मामलों में पूर्व विधायक आगरा की जेल में बंद हैं। जिला प्रशासन पूर्व विधायक सहित उनके करीबियों की संपत्ति को चिन्हित कर कुर्क करने की कार्रवाई कर रही है। हत्या, लूट और दुष्कर्म सहित अन्य कई गंभीर मामलों में आगरा जेल में बंद पूर्व विधायक विजय मिश्र और उनके करीबियों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को पूर्व विधायक के करीबी सुरेश केशरवानी की दो करोड़ 20 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली गई। गैंगस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई हुई। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद पुलिस-प्रशासन की टीम ने कोईरौना थाना क्षेत्र के नारेपार में दो मंजिला इमारत को कुर्क किया। पूर्व विधायक विजय मिश्र इन दिनों आगरा जेल में है। उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म सहित 83 से अधिक केस दर्ज हैं। पांच अप्रैल को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अदालत ने विजय मिश्र के गिरोह के सदस्य सुरेश केशरवानी का नारेपार उपरहार में आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो मंजिला मकान कुर्क करने का आदेश दिया। इसकी अनुमानित कीमत दो करोड़ 20 लाख है। बुधवार को नारेपार पहुंची पुलिस व राजस्वकर्मियों की टीम ने डुगडुगी बजाते हुए दो मंजिला इमारत को कुर्क किया।यह आलीशीन मकान आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सुरेश केशरवानी 2006 से अपराध जगत में रहा है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में भवन को कुर्क किया गया है।

# एडवोकेट राहुल रल्हन को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ( लीगल सेल ) का जिला लुधियाना देहाती का जिला प्रधान नियुक्त किया

सत पाल सोनी

क्यूँ न लिखूँ सच





लुधियाना - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा जिला लुधियाना देहाती प्रधान गगनदीप सिंह सनी कैंथ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पार्टी का विस्तार करते हुए एडवोकेट राहुल रल्हन को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ( लीगल सेल ) का जिला लुधियाना देहाती का जिला प्रधान नियुक्त किया गया। इस मौके सनी कैंथ तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा उनके नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर सनी कैंथ ने बताया कि पार्टी व संगठन को मजबूती देने के लिए नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त प्रधान लीगल सेल राहुल रल्हन ने उनकी नियुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वो पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी तनदेही से कार्य करेंगे। जल्द ही उनके द्वारा लीगल सेल के पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी.

इस मौके युवा मोर्चा महासचिव चेतन मल्होत्रा, शिवम् सिंगला, एडवोकेट मुनीश मित्तल, संदीप कुमार, एडवोकेट हनुष जिंदल सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा नागेंद्र शिकारवार को भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर संभावित प्रत्याशियों ने दिया आवेदन

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच



एटा-नगर निकाय चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों ने एटा जिला प्रभारी एवं महामंत्री ब्रज क्षेत्र भाजपा नागेंद्र शिकारवार को भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर संभावित प्रत्याशियों ने दिया आवेदन, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ ने अपनी पुत्र बधू डॉ0शिल्पी विवेक वशिष्ठ और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज पचौरी ने अपनी पत्नी अनीता पचौरी और प्रमोद गुप्ता और पंकज गुप्ता ने अपनी पत्नी के नाम से जिला प्रभारी नागेंद्र शिकारवार को दिया आवेदन, जिला मंत्री नागेंद्र शिकारवार ने कहा कि एटा जिले से अच्छे अच्छे प्रत्याशियों के आवेदन आने की बात कही है और उन्होंने कहा कि उन्ही में से हमारी पार्टी किसी एक को बनाएगी नगर पालिका अध्यक्ष का प्रत्याशी, और जिला प्रभारी ने बातों ही बातों में अपने विरोधी पार्टी सपा को करारा जवाब देते हुए कहा अब तो हमारे विरोधी भी रामराज की बात करने लगे है, वही जब हमने भाजपा के सभी संभावित प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि भाजपा पार्टी से टिकिट मिलने के बाद वो अपनी अपनी जीत का दम भरते नजर आए, वही हमने नगर पालिका के संभावित प्रत्याशी के प्रतिनिधि और भाजपा नेता मनोज पचौरी से बात की तो उन्होंने टिकिट मिलने के बाद अपनी जीत का दावा करते हुए फिरोजाबाद के मनीष असीजा की तरह शहर में विकास करने की बात कहते नजर आए, वही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ ने अपनी पुत्र बधू को टिकिट मिलने पर चुनाव जीतने के बाद शहर के विकास करने की बात कही , इस दौरान भाजपा कार्यालय पर विवेक वशिष्ठ, कैलाश उपाध्याय, प्रवीण पाठक, वरिष्ठ पत्रकार आर.बी.द्विवेदी, रा0 अध्यक्ष अतुल दीक्षित, सुनील शर्मा,आशीष चौहान, युवराज सिंह जिला महामंत्री भाजयुमो,सोनी वशिष्ठ, अलोक शर्मा 1श्स्त्रड्डद्बश्ठ्ठ, नदीम अहमद,सत्तार अहमद, वसीम सलमानी,अभिषेक भदौरिया,दिलीप कुमार, चन्दन शर्मा प्रॉपर्टी डीलर,आलोक कुमार,मुकेश माथुर, अनुपम गुप्ता, शशांक यादव, मनीष, सचिन गुप्ता, सचिन मिश्रा, यशांश यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नामांकन स्थलों पर बैरीकेडिंग, संवेदनशील केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच



एटा- कासगंज, । नगर निकाय चुनाव के लेकर पुलिस-प्रशासन ने नामांकन स्थलों व संवेदनशील पोलिंग बूथों पर व्यवस्थाएं दुरुस्थ करनी शुरू कर दी हैं। मंगलवार को डीएम और एसपी ने तीन नामांकन स्थलों व पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं जल्द ही पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम हर्षिता माथुर, एसपी सौरभ दीक्षित ने अपने अधीनस्थों के साथ कासगंज, सहावर, पटियाली पहुंचकर कासगंज के नामांकन स्थल श्रीगणेश इंटर कालेज का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां एसडीएम कासगंज पंकज कुमार, सीओ, तहसीलदार, ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय निकाय कासगंज, सोरों और बिलराम की नामांकन प्रक्रिया श्रीगणेश इंटर कालेज कासगंज में होना है। 17 से 24 अप्रैल तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा तथा 27 अप्रैल को नाम वापिसी एवं 28 अप्रैल को प्रतीक आवंटन होना है। समय से सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं बैरीकेडिंग आदि करा ली जाए। इसके बाद संवेदनशील पोलिंग बूथ आजाद गांधी इंटर कालेज पहुंच व्यवस्थाओं को चेक किया। डीएम ने कहा कि 11 मई को होने वाले मतदान से पूर्व संवेदनशील बूथों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए। यह सुविधाएं रखने को कहा मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कर लिया जाए। समस्त पोलिंग बूथों पर पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, शौचालय, रैंप, पोलिंग बूथ तक आने जाने का रास्ता, सुरक्षा व्यवस्थायें दुरुस्त रहनी चाहिए। इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए।

## पटियाली-सहावर की व्यवस्थाएं जल्द होंगी पूर्ण

डीएम व एसपी ने एसडीएम सहावर रितु सिरोही एवं तहसीलदार के साथ तहसील सहावर परिसर में बनाये गये नामांकन स्थल एवं क्षेत्र के संवेदनशील पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगरीय निकाय सहावर एवं अमांपुर क्षेत्र की नामांकन प्रक्रिया तहसील सहावर परिसर में होनी है। पटियाली के श्री भागवत राष्ट्रीय इंटर कालेज पटियाली में बनाये गये नामांकन स्थल पहुंच कर व्यवस्थाओं को परखा। यहां नगरीय निकाय क्षेत्र पटियाली, गंजडुण्डवारा, सिढ़पुरा, भरगैन व मोहनपुर की नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न कराई जायेगी। संवेदनशील पोलिंग बूथ अमीर खुसरो स्कूल गंजडुंडवारा का निरीक्षण किया।

# चाचा ने बेटों संग मिल कर दी भतीजे की हत्या

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच

एटा- गाली-गलौज का विरोध करने पर चाचा ने बेटों संग मिलकर भतीजे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना मलावन के गांव परतापुर निवासी मृतक के भाई बुद्धपाल का आरोप है कि सुनील ( 32 ) पुत्र प्रेमचन्द्र नौ अप्रैल की शाम को छत पर खाना खा रहा था। इसी दौरान चाचा राधेश्याम आए और शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर राधेश्याम से कहासुनी हो गई, जिसके बाद इनके बेटे बेटे पुष्पेंद्र, नेम सिंह, राजीव आदि ने हमला कर दिया। सिर में ईट फेंक मारी। सीढ़ियों से नीचे आते समय गर्दन में पीछे से डंडा मार दिया। सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवारीजन मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत गंभीर देख परिवारीजन फतेहगढ़ स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे। सोमवार रात को युवक की मौत हो गई। परिवारीजन शव को गांव ले आएं। मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना दी। मलावन पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाई बुद्धपाल की मानें तो चाचा ने ही बैल्डिंग की दुकान पर बैठाया था और फिर उसे उठा दिया 24 दिन पहले पत्नी की हुई थी मौत, चार छोटे बच्चें- 24 दिन पहले पत्नी की मौत हुई थी। आगरा में प्रसव के दौरान महिला की मौत हुई थी। मृतक पर चार बच्चें है। पिता की भी मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। चाचा की वेल्डिंग की दुकान पर बैठने को हुआ था विवाद फतेहगढ़ में इलाज के दौरान सोमवार को हुई मौत

# नगर निगम के चुनावों में भाजपा को जिताने के लिए क्षेत्र में दौरा,मिल रहा जनता का जनसमर्थन

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम के चुनावों के लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली है उन्होंने कहा है कि कार्यकर्ता सैकड़ों समर्थकों के साथ क्षेत्र में घूम रहे हैं घर घर जा रहे हैं उन्होंने यह भी कहा है कि मैहर नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद सभासद बहुत ही मजबूत प्रत्याशियों को इन चुनावों में उतारा जा रहा है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ बहुत समय पहले से क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं घर घर जा रहे हैं हर घर से संपर्क कर रहे हैं क्षेत्र को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं उन्होंने यह भी कहा है कि जनता से संपर्क करने पर पूरी जानकारी हो रही है कि जनता ने पूरी तरह से मोदी जी योगी जी को वोट देने का मन बना लिया है

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने भी कहा है कि जितनी योजनाएं सरकार गरीब लोगों के लिए दे रही है उसका लाभ पूरी जनता को मिल रहा है गैस लेकर शौचालय से लेकर मकान से लेकर रोजी-रोटी तक जनता को मिल रही हैं जो कि पिछली सरकार जितनी भी दलों की रही है किसी ने भी इतनी बड़ी योजनाएं जनता को नहीं दिए मोदी जी योगी जी देश कहीं नहीं पूरे विश्व के माने हुए विश्व स्तरीय नेता है जनता ने ही नहीं हर समाज का व्यक्ति भाजपा को जिताने का पूरा समर्थन देने का मन बना चुका है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि वह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ क्षेत्र में हर गली में हर घर पर पहुंच रहे हैं भाजपा को नगर निगम के चुनावों में जिताने के लिए संपर्क करें

# जैथरा में ऑक्सीजन को कंसंट्रेटर के सहारे मरीज

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच



एटा- कोरोना वायरस केस बढ़ने पर मंगलवार को सीएचसी जैथरा पर एसीएमओ डॉ.सर्वेश कुमार ने पीकू वार्ड में तैयारियों का जायजा लिया। एमओआईसी डॉ. राहुल चतुर्वेदी ने बताया कि मॉकड्रिल में बच्चे को कोविड संक्रमण होने की जानकारी पर एंबुलेंस भेजी गई। मरीज आते ही वार्ड में ले जाकर ऑक्सीजन लगाई। उपचार शुरू किया गया। एमओआईसी ने बताया कि पीकू वार्ड में दो आईसीयू बेड, 10 सादा बेड, 40 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पांच लीटर के 33, 10 लीटर के सात उपलब्ध है। जीवन रक्षक दवाएं मौजूद है। पीपीई किट, मास्क, सैनिटाइजर्स, गिलिप्स व्यवस्थाएं हैं। इस दौरान डॉ. हसमुद्दीन, फार्मासिस्ट दिनेश चौहान के अलावा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कोर फिटनेस जिम के मालिक , दो कोच और चार नौजवानों ने जीते मेडल

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - जिला लुधियाना पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन रजि की ओर से कोट मंगल सिंह में नौवां डिस्ट्रिक्ट लुधियाना पावर फुल और बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य मेहमान के तौर पर सीनियर स्पोर्ट्समैन एडवोकेट गौरव अरोड़ा और हल्का जनता नगर के विधायक बीबी राजिंदर कौर छीना उपस्थित हुए । इस चैंपियनशिप में जिला लुधियाना के अलग-अलग स्थानों से खिलाड़ियों ने भाग लिया । इसमें बस्ती जोधेवाल के कैलाश नगर रोड़ स्थित कोर फिटनेस जिम के मालिक करण मोंगा ,ट्रेनर नवजोत सिंह जोत , सुमित पराशर सन्नी और इन के चार खिलाड़ियों ने सरदार रंजीत सिंह की अध्यक्षता में इस चैंपियनशिप में भाग लिया ।इस चैंपियनशिप में कोर फिटनेस जिम ने चार गोल्ड मेडल , एक सिल्वर मेडल और दो कांस्य मेडल जीते । कोर फिटनेस जिम के कोच नवजोत सिंह , सन्नी पराशर और उनके खिलाड़ी नवीन सभरवाल , जितेंद्र कुमार ने गोल्ड मेडल , अनमोल ने सिल्वर मेडल और कोर फिटनेस जिम के मालिक करण मोंगा , नवदीप सिंह ने कांस्य मेडल जीता। इस मौके जानकारी देते हुए जिम के ट्रेनर नवजोत सिंह ने बताया कि आजकल के समय में लोगों को अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए क्योंकि जान है तो जहान है । उन्होंने लोगों से नशों को त्यागो और जागो की राह पर चलते हुए कहा कि लोगों को नशे त्यागने चाहिए । जिस से आने वाला भविष्य बढ़िया हो सके क्योंकि आज के समय की भी मांग है कि आए दिन कोई मां का पुत्र नशे की भेंट चढ़ गया है अगर नशे के बढ़ रहे व्यापार को रोकना है तो मौजूदा सरकार को भी चाहिए कि नौजवानों को ज्यादा से ज्यादा खेलों की तरफ जागरूक करें ।सरकारी तौर पर भी इस तरह की चैंपियनशिप करवानी चाहिए ताकि नौजवानों को नशे की भेंट चढ़ने से रोका जा सके ।

# भाजपा लुधियाना ने महान समाज सुधाकर, विचारक, लेखक और महिलाओं को शिक्षा और बराबरी का हक दिलाने वाले महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना -भाजपा के जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान की अध्यक्षता में स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय घंटा घर में महान समाज सुधाकर, विचारक, लेखक,दार्शनिक, वंचितों और महिलाओं को शिक्षा और बराबरी का हक दिलाने वाले महात्मा ज्योतिबा फूले जी की जयंती पर भाजपा के जिला पदाधिकारी द्वारा उन्हें पुष्पांजलि करके उन्हे नमन किया गया।इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री कांतेंदु शर्मा,नरेंद्र सिंह मल्ली,जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा,सुनील मोदगिल,अश्वनी टंडन,जिला सचिव नवल जैन, सुखजीव बेदी,मीडिया सचिव डा सतीश कुमार, सह प्रेस सचिव संजीव धीमान,सोशल मीडिया सचिव राजन पांधें, प्रवक्ता साबिर हुसैन,मंडल प्रधान सचिन गुप्ता केशव, प्रभजोत सिंह जस्सल आदि मौजूद थे।

# पुलिस टीम ने 25 हजार की इनामी महिला को किया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एसओजी और एत्मादपुर पुलिस टीम ने 25 हजार की इनामी महिला को किया गिरफ्तार आरोपी महिला के कब्जे से 10,92,000 रुपए बरामद करोड़ों के फर्जी बैनामे बाले मामले में अब तक पुलिस ने 1,16,000,00 रुपए किए बरामद एंव 80,000,00 बैंक में कराए जा चुके हैं सीज फर्जी बैनामा बाले मामले में पुलिस अब तक कई आरोपियों को भेज चुकी है जेल आरोपी महिला काफी समय से फरार थी, जिस पर पुलिस ने 25 हजार का किया था इनाम घोषित करोड़ों की फर्जी जमीन का मामला थाना एत्मादपुर क्षेत्र का है प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी वेस्ट द्वारा दी गई सम्पूर्ण जानकारी

# दवा विक्रेता ने एक्सपायरी डेट कीदवाएं खुले में फेंक दिया

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूं सच

एटा- नगर स्थित बारहद्वारी मंदिर के पास सोमवार को रात एक दवा विक्रेता ने एक्सपायरी डेट की दवाएं खुले में फेंक दिया। इसमें सैकड़ों की संख्या में मल्टी विटामिन सीरप, न्यूरोबैक्स आदि दवाएं शामिल थीं। सुबह पंचायत के कर्मचारियों नेसफाई के दौरान इन दवाओं को नहीं हटाया। इसके बाद तरह- तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। लोगों का कहना था कि यदि कोई बच्चा आदि अनजाने में इन दवाओं का इस्तेमाल कर लेता तो उसको नुकसान पहुंच सकता है। दोपहर के समय एक अन्य दवा विक्रेता ने इन दवाओं को भरवा लिया। औषधि निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि किसी तरह की दवा को सड़क पर फेंकना गलत है। उसे शहर से दूर कहींडंप करा देना चाहिए।

# शहर से दो बाइक जैथरा से वेन चोरी

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूं सच

एटा-शहर से दो और बाइक और जैथरा से वैन चोरी हो गई। अज्ञात चोरों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली नगर के कृष्णानगर निवासी अनिल कुमार ने रिपोर्ट कराई कि 10 अप्रैल को कैलाश मंदिर आए थे। वहीं से चोर बाइक ले गए। मोहल्ला कटरा निवासी राहुल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अप्रैल को कचहरी रोड़ से चोर बाइक ले गए। थाना जैथरा के गांव गांगूपुरा निवासी मनोज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अप्रैल को घर के सामने खड़ी वैन चोरों ने उड़ा दी।

# CM योगी ने टीम-9 के साथ कोरोना की स्थिति की समीक्षा की, अस्पतालों में मास्क अनिवार्य करने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ कोविड की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोविड के अनुकूल व्यवहार अपनाना जरूरी है। देश में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्तमान में देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति घबराने की नहीं सतर्क और सावधान रहने की है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 प्रतिशत रही है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों



में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए। उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति की रिपोर्ट बताती है कि कोविड को लेकर प्रदेश में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यून है, लेकिन हमें कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनाना चाहिए। गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। अस्पतालों के बाहर भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जागरूकता प्रसार करें। अस्पतालों में मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चुनाव प्रचार और मतदान के बीच संक्रमण प्रसार की आशंका भी है। ऐसे में हर मतदाता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके लिए मुख्य सचिव स्तर से राज्य निर्वाचन आयोग से संवाद स्थापित करते हुए आवश्यक उपाय किए जाएं। आवश्यकतानुसार मतदान कार्मिकों को कोविड सुरक्षा किट भी उपलब्ध कराया जाए। कोविड से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी लॉजिस्टिक उपलब्ध हैं। विगत वर्ष स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए। विगत दिवस आयोजित प्रदेशव्यापी मॉक ड्रिल में जहां भी जिस भी तरह की कमी पाई गई हो, उसे तत्काल ठीक किया जाए। सभी 75 जनपदों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम हों। इंटीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को तत्काल एक्टिव करें।

### किसानों के भुगतान में देरी न हो

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जारी गेहूं खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक 19 हजार मीट्रिक टन गेहूं क्रय किया जा चुका है। खरीद के बाद किसानों को भुगतान में कतई देरी न हो। तय समय के भीतर किसानों के बैंक खाते में गेहूं मूल्य का भुगतान कर दिया जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों की जरूरतों का भी ध्यान रखें। स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। इनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाए। अब तक 60 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी प्रदान की जा चुकी है। ड्रोन सर्वेक्षण के कार्य भी पूरा हो चुका है। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र ‘घरौनी’ मिल जाए। भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना' संचालित हो रही है। पीएम कुसुम योजना किसानों को अपनी भूमि पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्वयं के लिए बिजली उत्पादन करने और ग्रिड को बिजली बेचने का विकल्प प्रदान करते हुए अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर देती है। इस योजना को लेकर किसानों में उत्साह है। अधिकाधिक किसानों को इस योजना का लाभ दिलाया जाए।

# आठ महीने बाद लखनऊ में एक दिन में मिले कोरोना के 78 मरीज, 10 अस्पतालों में भर्ती

लखनऊ में एक दिन में कोरोना के 78 नए मरीज मिले हैं। यह आठ महीनों के बाद हुआ है। इसके बाद से जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 340 हो गई है।राजधानी लखनऊ में मंगलवार को 78 लोग कोरोना संक्रमित मिले। अस्पतालों में 10 मरीज भर्ती हैं जबकि 16 ने कोविड को मात दी। इसके साथ ही जिले में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 340 हो गई है। करीब आठ माह बाद एक दिन में इतने लोग संक्रमित पाए गए। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए अफसरों ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि अलीगंज में 16 लोगों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई




है। आलमबाग में 14 लोग संक्रमण की जद में आए। कैसरबाग में 10, इंदिरानगर में चार लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। टूडियागंज व एनके रोड इलाके के दो-दो लोग संक्रमित मिले हैं। सरोजनीनगर में 10, चिनहट में आठ, काकोरी व गोसाईंगंज में एक-एक लोग संक्रमित पाए गए हैं।फैजुल्लागंज में चिकनपॉक्स जैसे लक्षण वाली बीमारी की चपेट में 15 बच्चे-फैजुल्लागंज के कई इलाकों में चिकनपॉक्स जैसे लक्षण वाली बीमारी से 15 बच्चे पीड़ित पाए गए हैं। इनका आसपास के निजी अस्पतालों में इलाज हो रहा है।स्थानीय लोगों ने सीएमओ ऑफिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद भी इलाके में कोई टीम नहीं पहुंची। सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने बताया कि करीब एक सप्ताह से इलाके में चिकनपॉक्स जैसे लक्षण वाले मरीज मिल रहे हैं। यश नगर की नेहा (6) बिट्टू (9) बबलू (4) संत कबीर नगर में काली शंकर शुक्ला के परिवार के बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं। कृष्णलोक में सूरज (11) आरती (7) कृषिका (6) सहित करीब 15 बच्चे इसके चपेट में हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत के मुताबिक, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र से टीम बुधवार को जाएगी। जिन भी बच्चों में लक्षण हैं उनके नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाने के साथ ही दवा का वितरण कराया जाएगा।

# नहीं कांपे हाथ! किसान को दी खौफनाक मौत, कटीले तार से गला कसा...फिर पेड़ से लटकाया

बांदा जिले में जमीन के विवाद में किसान की कटीले तार से गला कसकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसका शव बबूल के पेड़ से लटका दिया गया। मृतक के पुत्र ने पिता-पुत्रों समेत चार लोगों के खिलाफ थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटनास्थल का एसपी, फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम ने मुआयना किया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जसपुरा थाना क्षेत्र के गड़रिया गांव के मजरा खैरी में किसान जीतू निषाद (50) का शव मंगलवार को गांव के बाहर तालाब के पास भगवानदीन के खेत की मेड़ पर लगे बबूल के पेड़ से कटीले तार और साफी से लटका पाया गया। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र संदीप निषाद ने बताया कि वह सोमवार की रात पिता को घर में छोड़कर अपनी पत्नी सविता के साथ सिद्धबाबा हार वाले खेत में गेहूं कटाई के लिए गया था। मंगलवार को सुबह ग्रामीणों ने उसे फोन पर जानकारी दी कि उसके पिता का शव फंदे से लटका है।



### बेटा बोला- चल रहा था जमीन का विवाद

पुत्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पिता की कटीले तार से गला कसकर हत्या करने के बाद शव को पेड़ से लटकाया है। संदीप के मुताबिक पिता का कलुवा डेरा (हमीरपुर) के रामसजीवन निषाद, उसके पुत्रों जयबहादुर व सुनील निषाद और उनके सहयोगी खैरी गांव निवासी रामनरेश निषाद से जमीन का विवाद चल रहा है।

### एसपी बोले- प्रथम दृष्टया संदिग्ध हालात में मौत

रुपयों के लेनदेन में आरोपियों ने हत्या की है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी अभिनंदन, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ सदर अंबुजा त्रिवेदी, जसपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। एसपी अभिनंदन ने बताया कि प्रथम दृष्टया संदिग्ध हालात में मौत है।

### पिता-पुत्रों समेत चार पर हत्या की रिपोर्ट

पुत्र ने हत्या की बात कही है। घटना की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सरोज ने बताया पुत्र की तहरीर पर पिता-पुत्रों समेत चार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के पुत्र संदीप निषाद ने बताया कि पिता को हत्यारोपियों ने दो बार जान से मारने की धमकी दी थी।

### 2019 में बेची थी

### 12 बिस्वा जमीन

पिता के नाम पांच बीघा जमीन थी। मां सुनैना की 22 साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मां की मौत के बाद वर्ष 2017-18 में गांव के जयराज पाल को डेढ़ बीघा जमीन बेची थी। इसका दाखिल खारिज नहीं हो पाया था। इसके बाद वर्ष 2019 में रामसजीवन निषाद को 12 बिस्वा जमीन बेची थी।

### जान से मारने की दी थी धमकी

इसमें 72 हजार रुपये शेष रह गया था। रामसजीवन ने कहा था कि दाखिल खारिज होने के बाद शेष पैसा दिया जाएगा। जनवरी 2023 में जब दाखिल खारिज कराने के बाद पिता ने रामसजीवन से 16 फरवरी को पैसा मांगा, तो उसने जान से मारने की धमकी दी थी।

### पुलिस बोली- जल्द किया जाएगा खुलासा

उसने कहा था कि तुम्हारा कोई पैसा नहीं है। इसके बाद नौ अप्रैल 2023 को रामसजीवन ने फिर धमकी दी थी। इसी के चलते उन्होंने उसके पिता की हत्या की है। बताया कि मृतक के दो पुत्री एक पुत्र है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

जसपुरा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में किसान को ऐसी दर्दनाक मौत दी कि सुनने वालों तक की रूह कांप जाए। हत्यारों ने पहले कंटीले तार से गला काटा और उसके बाद पेड़ से शव लटका दिया। मौके पर पहुंचे एसपी व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

# धोनी IPL में किसी एक टीम के लिए 200 मैच में कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी, चेपक में हुए सम्मानित

धोनी की कप्तानी में ही सीएसके ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता था। इसके अलावा वह अपनी टीम को 15 में से 11 बार अंतिम चार में ले जा चुके हैं। टीम चार बार ट्रॉफी जीतने के अलावा पांच बार रनर-अप भी रह चुकी है। आईपीएल 2023 में आज चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और 2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच खेला जा रहा है। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी खेल रहे हैं और मैदान पर उतरने के साथ ही उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैचों में कप्तानी करने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। धोनी ने सीएसके के लिए इस मैच को मिलाकर 200 मैचों में कप्तानी की है।




इसके अलावा वह राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के भी कप्तान रह चुके हैं। धोनी को टीम के मालिक और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और आईसीसी के पूर्व चेयरमैन एन श्रीनिवासन ने सम्मानित किया।

### इस दौरान उनके साथ चित्रा श्रीनिवासन और रूपा गुरुनाथ भी मौजूद रहीं।धोनी का बतौर कप्तान रिकॉर्ड

धोनी की कप्तानी में ही सीएसके ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता था। इसके अलावा वह अपनी टीम को 15 में से 11 बार अंतिम चार में ले जा चुके हैं। टीम चार बार ट्रॉफी जीतने के अलावा पांच बार रनर-अप भी रह चुकी है। धोनी ने ओवरऑल आईपीएल में आज के मैच से पहले तक 213 मैचों (CSK/RPS) में कप्तानी की है। इसमें से उन्होंने 125 मैचों में जीत हासिल की है। इसके अलावा 87 मैच हार चुके हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। उनका विन पर्सेंट 58.96 है। वह आईपीएल के सबसे कामयाब कप्तानों में से एक हैं।

### धोनी ने सीएसके के लिए 199 मैचों में कप्तानी की

2016 में सीएसके पर बैन के दौरान धोनी ने राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स (RPS) के लिए एक सीजन में 14 मैचों में कप्तानी की थी। इसमें से उनकी टीम ने पांच मैच जीते थे और नौ में हार का सामना करना पड़ा था। तब टीम पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर रही थी। इन 14 मैचों को निकाल दिया जाए तो धोनी ने आज के मैच से पहले 199 मैचों में सीएसके की कप्तानी की है। इसमें से 120 मैच सीएसके ने जीते हैं, जबकि 78 में हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बेनतीजा रहा है। सीएसके के कप्तान के तौर पर धोनी का विन पर्सेंटेज 60.30 है।

### लिस्ट में रोहित और कोहली भी शामिल

ऐसा माना जा रहा है कि 41 साल के धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो सकता है। धोनी के अलावा दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 146 मैचों में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की है। इसमें से 80 मैच मुंबई ने जीते हैं और 62 में हार का सामना करना पड़ा है। चार मैच टाई रहे हैं। वहीं, विराट कोहली ने 140 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी की है। इसमें से 64 मैच आरसीबी ने जीते हैं, जबकि 69 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। तीन मैच टाई रहे हैं और चार मुकाबले बेनतीजा रहे हैं। धोनी का आईपीएल में रिकॉर्ड बतौर बल्लेबाज आईपीएल में धोनी का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। कुल 237 मैचों में उन्होंने 39.09 की औसत और 135.54 के स्ट्राइक रेट से 5004 रन बनाए हैं। इनमें 24 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84 रन का रहा है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के लिए 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी20 खेले थे। टेस्ट में उनके नाम 4876 रन, वनडे में 10,773 रन और टी20 में 1617 रन हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# Shahrukh's darling became the ambassador of a famous brand before Bollywood debut, fans said - next Deepika



Shahrukh and Gauri Khan's Ladli Suhana has become a rage even before appearing in films. Suhana has got a big chance even before her Bollywood debut. Suhana has become the ambassador of one of her big brands. Although before this she has also appeared in an advertisement. Suhana Khan has become the ambassador of a New York based beauty brand. Recently an event was held for this. During this, Suhana's look has made the fans crazy. Fans are also talking about her becoming the second Deepika. This announcement was made regarding Suhana in a media event held in Mumbai on Monday. Let me tell you, Suhana Khan is going to step into Bollywood this year with Zoya Akhtar's film 'The Archies'. And before that her association with an international brand has added to her impressive portfolio. Suhana was looking very beautiful in this event. Paparazzi has shared a video on social media. In this video, Suhana is seen entering for the event. It can be clearly seen in the video that she is seen in an all-red suit. Video fans of Shah Rukh Khan's Ladli are also very much liked and they are not able to stop themselves from commenting on it. During this, Suhana Khan also interacted with the media. He said, I am very excited to be here, I want you to see everything that we have filmed for this product very soon. Suhana further said, 'It is a great honor for me to be its brand ambassador and I am very happy to be a part of this brand.' On the work front, Suhana is making her debut very soon through Jokha Akhtar's film The Archies. Amitabh Bachchan's grandson Agastya Nanda, Sridevi's daughter Khushi Kapoor and other starkids are going to be seen with him in this film.

# Nafisa Ali pays tribute to her husband's regiment, shares throwback picture with Shahrukh-Priyanka


Actress Nafisa Ali took to Instagram to pay tribute to her husband's regiment, the 61st Cavalry, by sharing a throwback picture from Delhi's polo tournament. Bollywood's 'King Khan' Shah Rukh Khan and Priyanka Chopra are also seen in this picture shared. In this picture, Nafisa is seen gifting the regiment's polo jacket to Shahrukh. The actor is seen in a black outfit. Priyanka was also seen in the frame, but it was Nafisa who grabbed everyone's attention.




Talking about her memorable moment at the event, Nafisa wrote, "It was when Shah Rukh Khan and Priyanka Chopra were at our polo tournament in Delhi I came as the chief guest... We presented him the regiment's polo jacket. My husband's regiment was the 61st Cavalry. It was formed soon after India's independence in 1947 after the princely states merged with India. All regular and irregular mounted units of the then state forces were disbanded to form a new Horse Cavalry Regiment." He also explained how in 1954 the 61st Cavalry Regiment was formed with the merger of the Gwalior Lancers, Jodhpur/Kachwa Horse and Mysore Lancers. Cavalry was formed. He further described how the regiment also participated in the Battle of Haifa in Israel. She then went on to list a list of awards like Padma Shri, 11 Arjuna Awards, 9 Asian Games medals, a gold medal in the Polo World Cup against Pakistan. Nafisa had revealed in her Instagram post two years back that she was suffering from Leucoderma. was diagnosed with a skin disorder called hyperpigmentation, which causes patches of skin to lose their natural color.

# Anupam Kher announced his 536th project, said - should keep working

Anupam Kher has shared a post from his official Instagram account. In this, he is seen with the film 'Khosla Ka Ghosla' fame actor Parveen Dabas. Anupam Kher remains very active on social media. Along with the information related to his personal life, the actor also shares updates related to his professional life with the fans on this platform. Today the actor has announced his new film. Please tell that this is the 536th film of his career. Anupam Kher is very happy about this film. Sharing of information related to producer-director- Anupam Kher has shared a post from his official Instagram account. In this, he is seen with the film 'Khosla Ka Ghosla' fame actor Parveen Dabas. Apart from them, information related to the



producer-directors of this upcoming project has also been shared in the post. Said- Team ki Jai Ho- Anupam Kher has written the caption with the post, 'Kam karte raha hai…. Happy to announce our 536th project, tentatively named 'The Room'. This is a great thriller. With me in the picture is my friend and the very talented Parveen Dabas, my co-actor in the film 'Khosla Ka Ghosla'. The film will be directed by Sikandar Sidhu, an Indian director based in Los Angeles. The film is being produced by Indian American producer Sanjay Patel. Hail the team. Users are giving feedback- Users are commenting fiercely on this post of Anupam Kher and are congratulating him for his next film. One user wrote, 'Many congratulations. We are always proud of you. Another user wrote, 'You are an inspiration Anupam sir.' One user wrote, 'We are eager to see both of you together once again.' One user wrote, 'There is drought in Bollywood. In such a situation, there is some hope from you. Congratulations to you.

# Lucky Ali got into trouble by giving a controversial statement on 'Brahmin', had to post an apology

In his new post, Lucky Ali has made it clear that his aim is only to unite people from various sections of the society and not to spread hatred. Although Bollywood singer Lucky Ali has not sung many songs, but he has a large number of fans. Are. Lucky Ali has been a part of the industry for a long time and often expresses his views on various issues. Recently, a statement of Lucky Ali created sensation everywhere. Lucky Ali wrote in his Facebook post, the word



'Brahmin' is derived from 'Abraham' or 'Ibrahim'. After this he has been trolled fiercely. After trolling, Lucky Ali has also apologized on this matter. Lucky Ali apologized- In his new post, Lucky Ali has made it clear that his aim is only to unite people from various sections of the society and not to spread hatred. Lucky Ali wrote- 'I am aware of the controversy over my previous post. It was not my intention to cause distress or anger to anyone and I am sorry for that. I intended to bring all of us together, but I realized that this is not right. What I meant to say has been misrepresented. I'll be more aware of what I'm posting. My words have troubled many of my Hindu brothers and sisters. I am deeply sorry for this. I love you all.'What was the post- Last Sunday, singer Lucky Ali had said that the word Brahmin comes from Ibrahim, who is considered the father of all nations. He said that Brahmins are descendants of Ibrahim. Alaihissalam....Father of all nations...So why does everyone fight and argue with each other without any reason. Where is Lucky Ali- Even though Lucky Ali keeps on giving his performances in India and abroad. Lucky Ali is that name, who once had a different craze in the country, but time passed and his fame diminished. Although people still like him very much for his excellent singing.